एक नजर में

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का अपमान करने वालों पर कार्रवाई हो

मुरैना, 27 जनवरी। प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं उनके अनुयायियों के साथ पुलिस और प्रशासन द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार और मारपीट के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने 26 जनवरी को मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव, विधायक दिनेश गुर्जर के नेतृत्व में मशाल जुलूस सदर बाजार से शुरू हुआ। हाथों में मशाल थामे कांग्रेस कार्यकर्ता हनुमान चौराहा, झंडा चौक होते हुए बांकेबिहारी मंदिर पहुंचें। जहां जुलूस का समापन हुआ। कार्यकर्ताओं द्वारा उत्तरप्रदेश सरकार और भाजपा के विरोध में नारेबाजी की गई। जुलूस को संबोधित करते हुए ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा और भाजपा शासित सरकारों द्वारा खुद को सनातनी होने का दावा किया जाता है, लेकिन दूसरी ओर प्रयागराज में स्नान करने पहुंचें शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से उनके शंकराचार्य होने का प्रमाण यूपी की भाजपा सरकार मांग रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों में सनातन धर्म के प्रति कोई आस्था नहीं है। शंकराचार्य एवं उनके अनुयायियों को स्नान करने से रोकना और मारपीट करना निंदनीय है। श्री तोमर ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और शंकराचार्य से माफी मांगे जाने की मांग की है। जुलूस को विधायक दिनेश गुर्जर, शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। रक्षपाल तोमर, दीपक शर्मा, सुभाष सिंह सिकरवार, जितेंद्र डंगस, विनोद शर्मा, प्रमोद परमार, आशिफ कुरैशी, राजेश कथूरिया, राजकुमार पाठक, मनीष उपाध्याय, अवनीश कटारे, हरीराम पचौरिया, नरोत्तम माहौर, अजीत सिकरवार, नरेश यादव, हरीश पाठक आदि मशाल जुलूस में शामिल हुए।

कुल्हौली हाईस्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

मुरैना/सबलगढ़। गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ शासकीय हायरसेकेंडरी स्कूल कुल्हौली सबलगढ़ में धूमधाम से मनाई गई। प्राचार्य योगेश शर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भारतमाता व महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर तिलक व माल्यार्पण किया। जिसके बाद झंडा वंदन और राष्ट्रगान हुआ। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। जिनमें ऑपरेशन सिंदूर, स्वच्छ भारत अभियान, सोशल मीडिया और उसके दुष्प्रभाव पर आधारित नाट्य मंचन आकर्षण का केन्द्र रहे। समारोह में 2025 बोर्ड परीक्षाओं में 10वीं, 12 वीं कक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर प्राचार्य योगेश शर्मा ने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को भी प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री से मिलने मप्र शिक्षक संघ का डेलीगेशन भोपाल रवाना

मुरैना। मप्र शिक्षक संघ की मुरैना जिला इकाई का डेलीगेशन मंगलवार को भोपाल के लिए रवाना हुआ। डेलीगेशन में शामिल संघ के पदाधिकारी भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करेंगे। इस दौरान उनके द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार किए जाने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं वाला मांग पत्र सीएम को सौंपा जाएगा। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने कहा है कि भोपाल प्रवास के दौरान डेलीगेशन विभिन्न विभागीय अधिकारियों से भी मुलाकात करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में श्यामवीर राठौड़, रामबरन सिकरवार, रामअवतार सिंह सिकरवार, राघवेन्द्र धाकरे, पवन परिहार, अशोक तोमर, जितेन्द्र यादव, जितेन्द्र शर्मा, रामनरेश धाकड़, दिग्विजय जादौन, संजय दीक्षित, थानसिंह सिकरवार, तरुणेश तोमर, महेश व्यास, राजेश गुर्जर, टिंकल सोलंकी, बिन्दु सोलंकी, नीलू मिश्रा, मधु तोमर, मुक्ता, ऊषा पिप्पल आदि शामिल है।

सबलगढ़ में 77 वे गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

सबलगढ़। भारत के 77 वे गणतंत्र दिवस पर आज नगर में मुख्य समारोह संदीपनी सी एम राइज हायत सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता अतर सिंह रावत ने तिरंगा फहराया कार्यक्रम के दौरान एस डी एम मेघा तिवारी द्वारा मुख्यमंत्री का प्रदेश के नाम संदेश पढ़कर सुनाया कार्यक्रम का आगाज मां सरस्वती देवी एवं अमर शहीदों के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहले स्थान पर किडीज होम स्कूल ओर दूसरे ओर तीसरे स्थान पर सी एम राइज स्कूल रहा कार्यक्रम में विधायक सरला बृजेंद्र रावत तहसीलदार आशीष अशवाल प्राचार्य बी एन शर्मा सी ई ई ललित चौधरी आदि अधिकारी कर्मचारी छात्र छात्राये उपस्थिति रहे। नगरपालिका परिषद में अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ ने तिरंगा फहराया।

हाईवे पर हुई 19 लाख की लूट का खुलासा, 7 बदमाश पकड़े

नवभारत न्यूज

मुरैना, 27 जनवरी। एनएच-44 हाईवे पर 22 जनवरी को कथित आलू व्यापारी पर कट्टा अड़ाने के बाद आंखों में मिर्ची झोंककर 19 लाख नकदी लूटे जाने की घटना का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने लूट की वारदात में शामिल 7 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से लूटे गए 18 लाख 50 हजार रूपये और घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार एवं एयर गन बरामद कर ली है।

22 जनवरी को हुई थी घटना, 18 लाख 50 हजार नकदी, स्विफ्ट कार, एयर गन बरामद

लूट की घटना का खुलासा एसपी समीर सौरभ ने मंगलवार की दोपहर प्रेसवार्ता में किया। उन्होंने बताया कि फरियादी अमन पुत्र लाखन सिंह चौधरी नि. आगरा यूपी ने 22 जनवरी की रात करीब 3 बजे एनएच-44 हाईवे पर एसआरडी कॉलेज के पास 6 बदमाशों द्वारा हथियारों की नोंक पर आंखों में मिर्ची झोंककर 19 लाख रूपये लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान पुलिस ने मिर्ची पाऊडर के खाली पैकेट को जब्त किया था। पुलिस ने घटनास्थल से लेकर गुना तक करीब 300 सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों की जांच की। इस दौरान पुलिस ने कार के ड्राईवर हर्ष धाकड़ की गतिविधियों की निगरानी भी की। मिर्ची पाऊडर के पैकेट के आधार पर पुलिस शिवपुरी में उस किराना दुकान पर पहुंची, जहां से पैकेट खरीदा गया था। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में ड्राईवर हर्ष धाकड़ मिर्ची पाऊडर खरीदता हुआ दिखाई दिया। जब पुलिस ने हर्ष को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने सच्चाई उगल दी। हर्ष ने ट्रेवल्स कंपनी के मालिक जितेन्द्र सहित 7 लोगों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया जाना कुबूल किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, एयर गन और लूटे गए 18 लाख 50 हजार रूपये बरामद कर लिए है।

ट्रेवल एजेंसी का मालिक मुख्य आरोपी, ड्राईवर समेत 7 गिरफ्तार : पुलिस ने ट्रेवल एजेंसी संचालक जितेन्द्र यादव पुत्र कैलाश यादव ने ड्राईवर हर्ष धाकड़ पुत्र विनोद धाकड़ नि. गुना, गिर्राज पुत्र कैलाश यादव, गौरव शर्मा पुत्र बृजमोहन शर्मा, नीरज यादव, रीतेश यादव पुत्र भूपत यादव और राहुल शर्मा पुत्र रामबाबू शर्मा नि. गुना को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी ट्रेवल एजेंसी संचालक जितेन्द्र ने लूट की योजना बनाई थी।

आलू कारोबारी निकला सायबर फ्रॉड, जांच में जुटी पुलिस : एसपी समीर सौरभ ने बताया कि लूट की घटना के बाद पुलिस ने फरियादी आलू कारोबारी अमन चौधरी की कार से करीब डेढ़ दर्जन एटीएम कार्ड, 5 मोबाइल फोन बरामद किए थे। पड़ताल के दौरान पता चला कि फरियादी अमन चौधरी अपने साथियों के साथ मिलकर सायबर फ्रॉड का काम करते है। लूटी गई रकम भी सायबर फ्रॉड के माध्यम से जुटाई गई थी।

लूट को ट्रेस करने में जुटी थी दो टीमें, यह रहे शामिल : लूट की घटना को ट्रेस करने में दो पुलिस टीमें काम कर रहीं थी। पहली टीम में निरी. उदयभान यादव, एसआई जितेन्द्र शर्मा, प्र.आर. उदयवीर, सुनील बंसल, दीपक, आर. राजकुमार, संजय गुर्जर, सुनील परमार, सायबर सैल से आर. राहुल कुशवाह शामिल थे। जबकि दूसरी टीम में एसआई अजय वैशांदर, गुलाब सिंह, प्र.आर. दीपक, आर. ध्रुव परमार, कुलदीप जाट, विनोद, रिषीकेश और भरत सिंह शामिल थे।

एटीएम से पैसे निकालते हुए देखकर बनाया था प्लान

पुलिस के अनुसार सायबर फ्रॉड करने वाले अमन चौधरी किराए से लिए गए बैंक खातों से एटीएम के जरिए बार-बार पैसों की निकासी की जाती थी। रकम एकत्रित होने के बाद उसे आगरा सहित अन्य ठिकानों पर भेजा जाता था। मुख्य आरोपी जितेन्द्र कुशवाह को जब मामला समझ आया तो उसने लूट का प्लान बनाया। उसकी सोच थी कि सायबर फ्रॉड की रकम है, इसलिए पुलिस में शिकायत नहीं करेंगे।

कृषि मंत्री कंषाना ने किया झंडा वंदन, ली परेड की सलामी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 27 जनवरी। 77वां गणतंत्र दिवस जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य समारोह एसएएफग्राउंड में हुआ, जहां कृषिमंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने तिरंगा फहराया और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। उन्होंने कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ और एसपी समीर सौरभ, आरआई रविकांत शुक्ला के साथ खुले वाहन में सशस्त्र सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि द्वारा समारोह में उपस्थित नागरिकों का अभिवादन किया गया तथा बालक-बालिकाओं की हौसला अफ्जाई की गई।

पुलिस परेड ग्राउंड पर हुआ मुख्य समारोह, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

परेड व झांकियों में इन्हें मिला सर्वोच्च स्थान : परेड प्रतियोगिता में पुलिस बल को प्रथम, एसएएफ की 5वीं बटालियन को द्वितीय तथा मप्र होमगार्ड को तृतीय पुरस्कार दिया गया। द्वितीय परेड में एनसीसी जूनियर आर्मी को प्रथम, एनसीसी नेवी वॉइज को द्वितीय तथा शौर्य दल को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। झांकियों में महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रथम, जिपं मुरैना को द्वितीय तथा कृषि विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जीडी हायर सेकेण्डरी स्कूल मुरैना प्रथम, शासकीय मॉडल उमावि द्वितीय एवं अशासकीय सरस्वती शिशु मंदिर तृतीय स्थान पर रहा।

जौरा की नगरीय सीमा में बनेंगे गीता भवन और मां की बगिया

मुरैना, 27 जनवरी। नगरपालिका का विशेष सम्मिलन सोमवार को नपा ऑफिस में हुआ। जिसमें प्रस्ताव रखा गया कि नगरीय सीमा में जहां गीता भवन बनाया जाएगा। वहीं मां की बगिया भी विकसित की जाएगी। नगरपालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी की मौजूदगी में हुए विशेष सम्मिलन में वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्यय बजट पर चर्चा हुई। वहीं पूर्व वित्तीय वर्षों का लेखा रिकॉर्ड द्वि-प्रविष्टि लेखा प्रणाली से तैयार कराने पर विचार किया गया। विशेष सम्मिलन में कार्यालय के पीछे स्थित शासकीय आवासों के सामने बनी दुकानों की सार्वजनिक नीलामी, नवीन बस स्टैण्ड के पास निर्मित दुकानों की नीलामी के लिए प्राप्त उच्चतम दर की स्वीकृति पर भी विचार किया गया। न्यायालयीन प्रकरणों में पैरवी हेतु अभिभाषक नियुक्ति विषय पर विचार विमर्श हुआ। वहीं बारिश ऋतु से पूर्व नगर के सभी नाले-नालियों की सफाई पर चर्चा हुई। नगर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में शहर से कचरा समेटकर उसका निष्पादन किया जा सके, इसके लिए दो टिपिंग ट्रक व डंपर प्लेसर वाहन खरीदने पर अथवा किराए पर लेने पर भी विचार-विमर्श हुआ। वहीं अमृत 2.0 योजना अंतर्गत वाटर बॉडी रीजुवेनेशन कार्य हेतु वित्तीय स्वीकृति विषय पर विचार किया गया।

विस अध्यक्ष तोमर ने फहराया 100 फीट ऊंचाई पर लगा तिरंगा

मुरैना/अंबाह, 27 जनवरी। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने मंगलवार को अंबाह मुख्यालय स्थित जयश्वर महादेव अटल पार्क में 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण किया। यह राष्ट्रीय ध्वज 3 लाख 82 हजार रुपये की लागत से निर्मित किया गया है। इस अवसर पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित अटल स्मृति पर्व के अंतर्गत एक वर्ष की अवधि के लिए लगाई गई प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने इसी क्रम में पार्क परिसर में निर्मित व्यायाम शाला (सूर्य नमस्कार के आसन) का लोकार्पण भी किया।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, नगर पालिका अध्यक्ष अंजली जिनेश जैन, जनपद अध्यक्ष अंबाह मधुरिमा तोमर, नगर पालिका उपाध्यक्ष शशिदेवी राजेन्द्र तोमर, जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, एसडीओपी पुलिस रवि भदौरिया सहित समस्त पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

3 दिन छुट्टियों में बंद रहे बैंक, चौथे दिन हड़ताल, ग्राहक परेशान

नवभारत न्यूज

मुरैना/अंबाह, 27 जनवरी। बीते शनिवार 24 जनवरी से 26 जनवरी तक अवकाश की वजह से बैंक बंद रहे, 27 जनवरी को जिलेभर के बैंककर्मी हड़ताल पर रहे। पांच दिन की बैंकिंग प्रणाली की मांग कर रहे बैंककर्मियों ने अपने प्रतिष्ठानों पर तालाबंदी कर नारेबाजी की और काम बंद रखा, जिससे लोगों के सामने नकदी निकासी का संकट खड़ा हो गया।

पांच दिनी वर्किंग की मांग को लेकर बैंकर्स कामबंद हड़ताल पर, किया प्रदर्शन

यूनाइटेड फेरम ऑफ बैंक यूनियंस द्वारा मंगलवार को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के तहत मुरैना में भारतीय स्टेट बैंक राधिका पैलेस शाखा के बाहर सभी बैंक कर्मचारी एवं अधिकारियों ने प्रदर्शन एवं नारेबाजी की। इस हड़ताल का मुख्य उद्देश्य पांच दिवसीय बैंकिंग प्रणाली लागू करना था। अभी तक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को ही बैंक बंद रहते हैं। बैंककर्मियों की मांग है कि माह के प्रत्येक शनिवार को बैंकों में अवकाश रहे। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि अभी देश में अन्य कार्यालय जैसे जीआईसी, आरबीआई, नाबार्ड, सेबी, स्टॉक एक्सचेंज तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों के कार्यालय भी प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को बंद रहते हैं। अत: बैंकों में भी हर शनिवार एवं रविवार को अवकाश रहना चाहिए, जिससे कार्य जीवन में संतुलन बना रहे एवं ग्राहक सेवाएं सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनी रहें।

प्रदर्शन में यह बैंककर्मी रहे शामिल : प्रदर्शन करने वाले बैंककर्मियों में अनुराग गुप्ता, विपुल वर्मा, धीरज गोमे, आशाराम, रिंकू, निर्मल गुप्ता, रीता धाकड़, हरेंद्र सोनी, स्तुति, विनोद सोनी, केपी सिंह, नागेंद्र सिंह, सोनू टैगोर, अशोक, अनुज्ञा, पर्व पलिया माताबसैया सहित बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी शामिल रहे।

इन कामों के लिए बैंकों के ग्राहक हुए परेशान : नकद लेन-देन, चेक क्लीयरेंस, ड्राफ्ट, पासबुक एंट्री सहित अन्य बैंकिंग कार्य पूरी तरह बाधित रहे, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि बैंकों में 24 जनवरी से लगातार चार दिनों तक कामकाज नहीं हो सका। 28 जनवरी से बैंक सामान्य रूप से खुलेंगे और कामकाज शुरू होगा।

आम सूचना

श्री नीरज कुमार गर्ग पुत्र श्री नरेन्द्र गर्ग वो स्वत्व व स्वामित्व की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.12, स्थित ग्राम पमाया, तहसील बामौर व जिला मुरैना में है जो भूमि सर्वे क्र. 127/1/3, 129 एवं 220 मिन ग्राम पमाया का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1391 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भूखण्ड क्र. 11, पश्चिम में- रास्ता, उत्तर में-सम्पति दीगर एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.13 है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री धर्मपाल पुत्र श्री बाबू सिंह, श्री जवान सिंह पुत्र श्री मातादीन एवं श्री दशरथ पुत्र श्री कप्तान सिंह एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री जवान सिंह एवं श्री दशरथ द्वारा सम्पति रकवा 0.320 हैक्टेयर एरिया श्री नीरज कुमार गर्ग पुत्र श्री नरेन्द्र गर्ग को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 25792022ए1364073 दिनांक 31.03.2022 से विक्रय की गई। श्री धर्मपाल द्वारा सम्पति 0.318 हैक्टेयर एरिया श्री नीरज कुमार गर्ग पुत्र श्री नरेन्द्र गर्ग को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792022ए11128540 दिनांक 14.11.2022 से विक्रय की गई। श्री नीरज कुमार गर्ग द्वारा उक्त सम्पति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती रूबी पत्नी श्री सत्यवीर सिंह के पक्ष में एक लिखतम अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती रूबी द्वारा उक्त सम्पति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार बजाज हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांको के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार बजाज हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा बजाज हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार बजाज हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर मेरे पक्षकार के विरुद्ध शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या-भवन क्र.62, कैलाश विहार, - फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं.98276-72710

3 घंटे में हुई 18 मिमी वर्षा, ओलावृष्टि के डर से किसान चिंतित

नवभारत न्यूज

मुरैना, 27 जनवरी। हर साल की तरह इस बार भी मंगलवार को जनवरी महीने में बारिश हो ही गई। सुबह से जहां बादल छाए रहे, वहीं 10 से 11 बजे के बीच शहर में घना कोहरा छा गया। वहीं दोपहर तीन बजे से बारिश शुरू हो गई। पहले रिमझिम फुहारें गिरीं। इसके बाद बारिश तेज हो गई। तकरीबन तीन चरणों में 18.5 मिमी बारिश से जहां रास्तों पर कीचड़ फैल गया, वहीं बिजली की गड़गड़ाहट के बाद ओलावृष्टि की आशंका से किसानों की चिंता बढ़ गई।

दिनभर छाए रहे बादल, सर्द हवाओं से ठिठुरनभरी सर्दी

अंबाह-पोरसा से हुई बारिश, कई जगह आकाशीय बिजली गिरी : बारिश का दौर मंगलवार को अंबाह-पोरसा से शुरू हुआ। यहां दोपहर 12 बजे से बूंदाबांदी शुरू हुई, जो बाद में झमाझम में तब्दील हो गई। इसके अलावा दिमनी, माताबसैया, अजनौधा, नाका, रांसू सहित किशनपुर गांवों में भी तेज बारिश और हवा से खेतों में खड़ी सरसों की फसल फैल गई। इसके अलावा जौरा, कैलारस, पहाड़गढ़ में भी तेज बारिश और हवा से किसानों की धड़कनें बढ़ गईं।

दिन का तापमान 20 डिग्री, रात का 13 डिग्री दर्ज

मौसम में अचानक आए बदलाव से जहां रात का तापमान तीन डिग्री बढ़कर 13 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं दिन का तापमान तीन डिग्री लुढ़ककर 20 डिग्री पर आ गया। यह जनवरी महीने में सबसे कम न्यूनतम तापमान है।

राजनीतिक भागीदारी से ही समाज का विकास होगा : वर्मा

सबलगढ़, 27 जनवरी। आज सबलगढ़ नगर में दाऊ जी गौ शाला के द्वितीय वर्ष गांठ पर उत्तरप्रदेश से पधारे राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने स्वर्णकार समाज को संबोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा का स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष विष्णु सोनी द्वारा स्वागत किया आज दाऊजी गौ शाला की दूसरी वर्षगांठ मनाई गई मुरैना से उत्तम चंद वर्मा जिला अध्यक्ष मोहन लाल वर्मा आलोक वर्मा अजय वर्मा भोले वर्मा मनोज वर्मा विष्णु सोनी दर्शन सोनी संजय फक्कड़ सौरभ सिकरवार म प्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष गोपाल सोनी सोबरन सिंह जादौन दर्शन वर्मा पंकज सोनी रवि वर्मा पत्रकार मौजूद थे।

ट्रेवलर-ट्रक की भिड़ंत, गोदभराई कर लौट रहे 2 की मौत, 5 घायल

नवभारत न्यूज

सबलगढ़, 27 जनवरी। राजस्थान के बाड़ी से गोदभराई कर लौट रहे एक परिवार की ट्रेवलर को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। इनमें से एक और घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना 25-26 जनवरी की रात 11.30 बजे सिकरौदा नहर स्थित कोल्हूडांडा गांव के पास हुई।

सिकरौदा नहर पर कोल्हूडांडा के पास 25 जनवरी की रात हुआ था हादसा

जानकारी के अनुसार सबलगढ़ कस्बे में रहने वाले गौरव (34) सोनी पुत्र राधेश्याम सोनी, लवलेश गुप्ता (26) पुत्र लखन दलाल, यश वैश्य (27) पुत्र रामकुमार, शिवशंकर (38) पुत्र मंटूराम गोयल, अमन बघेल (28) पुत्र अमरसिंह, सुदामा शर्मा (38) पुत्र रामेश्वर शर्मा, रामकुमार (68) पुत्र मुरारीलाल सबलगढ़ राजस्थान (धौलपुर) में एक गोद भराई रस्म में शामिल होकर ट्रेवलर से लौट रहे थे। सिकरौदा नहर पर 24 जनवरी की रात 11.30 बजे सामने से आ रहे ट्रक ने इनकी ट्रेवलर को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रेवलर में बैठे गौरव सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। शेष लोग जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए कैलारस अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से इलाज के दौरान लवलेश गुप्ता की भी मौत हो गई।

बस-मैक्स लोडिंग में भिड़ंत, आधा दर्जन लोग घायल

कैलारस। एमएस रोड पर सेमई के पास एक मैक्स लोडिंग वाहन में बस ने टक्कर मार दी। जिससे लोडिंग वाहन में सवार आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। घटना के वक्त रास्ते से गुजर रहीं सबलगढ़ एसडीएम मेघा तिवारी ने घायलों को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार को कैलारस थाना क्षेत्र में सेमई चौराहे पर मैक्स लोडिंग वाहन से सात-आठ लोग जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने लोडिंग वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में लोडिंग ड्राइवर जगमोहन जाटव सहित हरीशंकर (32) पुत्र रामविलास रावत निवासी बेरई, भूरी रावत (25) पुत्र रिंकू रावत, सरिता रावत (32) पत्नी विनोद रावत, आयुष्मान रावत (9) पुत्र विनोद रावत, कप्तान रावत (35) पुत्र सरताज रावत, बच्चू कुशवाह (62) पुत्र मानसिंह निवासी धौलपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस वक्त यह हादसा हुआ, सबलगढ़ एसडीएम मेघा तिवारी मौके से गुजर रही थीं। एसडीएम ने तत्काल अपना वाहन रुकवाया और मौके पर पड़े गंभीर घायलों को लेकर सीधे कैलारस और मुरैना जिला अस्पताल पहुंचाया।